नवोदय (Navodaya)

दिनाँक (Dated): 24/12/2024 | पृष्ठ सं० (Page No). 10 | क्रम सं०(Serial No.) 09

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए मानव संसाधन नीति का अनावरण

जालंधर, 23 दिसम्बर (ब्यूरो): केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल देश की एक प्रमुख सुरक्षा एजेंसी है जो देश की रणनीतिक और महत्वपूर्ण संपत्तियों को सुरक्षा प्रदान करती है। कई परिचालन बाधाओं और आकस्मिकताओं के साथ सैक्टरों और खतरों की विविध प्रकृति बल के लिए सुरक्षा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बनाती है। बल में शामिल होने वाले अराजपत्रित अधिकारियों की भर्ती देश के सभी क्षेत्रों से की जाती है। तदनुसार, सी.आई.एस.एफ. अधिनियम-1968 की धारा-15 में यह अधिदेश दिया गया है कि बल के प्रत्येक सदस्य को भारत के भीतर या बाहर किसी भी स्थान पर तैनात किया जा सकता है।

अंतिम बार 2017 में जारी किए गए पोस्टिंग दिशा निर्देशों के बाद से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने उल्लेखनीय वृद्धि की है और बल में बदलाव हुए हैं। हमारे बल का विस्तार 1.5 लाख से बढ़कर 1.9 लाख से अधिक हो गया है और हमारी परिचालन इकाइयां 339 से बढ़कर 359 हो गई हैं। हमने जेल सुरक्षा और संसद भवन परिसर जैसे नए क्षेत्रों में भी सुरक्षा प्रदान करने की शुरूआत की है।

प्रौद्योगिकी उपयोग, ड्रोन खतरे और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों के बढ़ने के साथ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का ऑप्रेटिंग वातावरण तेजी से वैश्विक और गतिशील हुआ है। बल को उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए लगातार नई तकनीक, कौशल और ज्ञान को आत्मसात करने की आवश्यकता है। सामाजिक परिवर्तन, जैसे कि बल में महिलाओं के अधिक शामिल होने और कार्यरत दंपत्तियों के स्थानांतरण/पोस्टिंग दिशा-निर्देशों में विचार करने की आवश्यकता है।

इसके प्रभाव को ध्यान में रखते हुए 2017 के अराज पत्रित बल सदस्यों के पोस्टिंग व ट्रांसफर दिशा-निर्देशों की समीक्षा की गई है और इसे बदला गया है।

मानव संसाधन की यह नीति 98% से अधिक बल सदस्यों को (1,94,053 की स्वीकृत शक्ति में से) उनके 38 वर्षों के पूरे सेवाकाल में प्रभावित करेगी। यह नीति 2017 की नीति का स्थान लेगी और यह बल के सदस्यों को उभरती हुई सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए बल में नए ज्ञान, प्रौद्योगिकी और कौशल लाने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

इस नीति में कई चीजों को पहली बार शामिल किया गया

डोमेन विशेषज्ञ : पहली बार कम से कम 10 क्षेत्रों में डोमेन विशेषज्ञों का एक पूल बनाया जाएगा। कम से कम 10 क्षेत्रों जैसे सूचना प्रौद्योगिकी, विमानन सुरक्षा, प्रशिक्षण, युद्ध शिल्प, हथियार और रणनीति, एंटी-ड्रोन समाधान, श्वान (कैनाइन), अग्नि प्रबंधन आदि में डोमेन विशेषज्ञों के रूप में उनकी पहचान करना, उन्हें प्रोत्साहित करना व उनकी तैनाती करना है।

डोमेन विशेषज्ञ, सर्वोत्तम संस्थानों में प्रशिक्षण लेंगे और बल को एक विश्व स्तरीय सुरक्षा संस्थान बनाने के लिए उन्हें बल में नई प्रौद्योगिकी, ज्ञान एवं कौशल का समावेश करने का कार्य सौंपा जाएगा। नए विमानन प्रौद्योगिकी समाधान और आई.सी.ए.ओ. सुरक्षा मानकों को हवाई अड्डा क्षेत्र सुरक्षा कर्त्तव्यों में शामिल किया जाए।

विशिष्ट कौशल श्रेणी : प्रशिक्षक, एस.एस.जी. कार्मिक के 9 विशेषज्ञ, बैंड्स मैन और खेल कार्मिक और उनके वार्षिक प्रदर्शन की समीक्षा के चयन की कठोर प्रक्रिया के माध्यम से प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाना। ऐसे अत्यधिक प्रतिभाशाली कर्मियों को उनके काम की अत्यधिक कुशलता और मांग प्रकृति के कारण उनकी पसंद पोस्टिंग में वरीयता मिलेगी। बल के सदस्यों के बीच बहु-विषयक क्षमता को अन्य सुरक्षा संगठनों, संयुक्त राष्ट्र मिशनों आदि में प्रतिनियुक्तियों के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाएगा।

पसंद आधारित पोस्टिंग : सी.आई.एस.एफ. के इतिहास में पहली बार, हमपसंद-आधारित पोस्टिंग शुरू कर रहे हैं। बल सदस्यों के पक्ष को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक बल सदस्य को 10 पसंदीदा पोस्टिंग स्थानों को सूचीबद्ध करने का अवसर मिलेगा जो उनके जीवन और परिवारों को गहराई से प्रभावित करते हैं।

सेवानिवृत्त होने वाले बल सदस्य : 2 वर्ष के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को उनके द्वारा दिए गए 3 विकल्पों में से एक स्थान पर पोस्टिंग दी जाएगी। उन्हें पोस्टिंग ऑर्डर जारी करने के दौरान रिक्तियों के आबंटन में पहली प्राथमिकता दी जाएगी।

महिलाओं और कार्यरत युगल मामलों के लिए विशेष वरीयता: आजकल कैरियर के रूप में सी.आई.एस.एफ. में शामिल होने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। नॉन-चॉइस पोस्टिंग के 6 साल बाद उनकी बची हुई सर्विस च्वाइस पोस्टिंग होगी। विवाहित कामकाजी जोड़े अब अधिक विचारशील पोस्टिंग निर्णयों के माध्यम से एक ही स्थान पर अधिक आसानी से काम कर सकते हैं।

पोस्टिंग ऑर्डर जारी करने के लिए निश्चित समय सीमा और कार्यक्रम : सेवानिवृत्त होने वाले बल सदस्यों के लिए पोस्टिंग ऑर्डर 31 दिसम्बर तक, महिला के लिए 15 जनवरी तक, युगलों के लिए 31 जनवरी तक, बाकी के लिए 15 फरवरी तक जारी किए जाएंगे।

अन्य पहलू

- विशेष रूपसे बच्चों की शिक्षा की अवधिके दौरान और 50 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद लगभग 38 वर्षों के सेवा चक्र में लगभग 24 वर्षों के लिए विकल्प आधारित तैनाती।
- सेवानिवृत्ति से 2 वर्ष पहले चॉइस पोस्टिंग बनाम वर्तमान में एक वर्ष की चॉइस पोस्टिंग।
- गृह क्षेत्र से लगभग 60% बल सदस्यों और गृह क्षेत्र से बाहर के 40% बल सदस्यों के साथ सम्पूर्ण बल के क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और अखिल भारतीय शस्त्र के मध्य संतुलन स्थापि करना।
- कोचों, विशेषज्ञों और वार्षिक प्रदर्शन समीक्षाओं के लिए राष्ट्रीय खेल परिसंघ के साथ गठजोड़ के माध्यम से विभिन्न खेल विधाओं में खेलों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना।